# सिरेमिक इलैक्ट्रिकल रिसर्च एण्ड डवलपमेंट सेन्टर, बीकानेर

बीकानेर में चायना एवं वॉल क्ले, जिप्सम एवं क्ले स्टोनाईट व मेट्रोनाईज आदि खनिज के विपुल भण्डार हैं। बीकानेर में सिरेमिक टाईल्स, इन्सुलेटर, जिप्सम, प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाने वाली इकाईयां बहुतायत में कार्यरत हैं। बीकानेर क्षेत्र में उक्त उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने एवं यहां पर उपलब्ध खनिजों के आधार पर नये उद्योग स्थापित करने के उद्‌देश्य से बीकानेर में सिरेमिक इलैक्ट्रिकल रिसर्च एण्ड डवलपमेंट सेन्टर के नाम से सिरेमिक टेस्टिंग लेबोरेटरी व प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है।

## सेन्टर के उद्‌देश्य

1. बीकानेर व समीपवर्ती क्षेत्रों में सिरेमिक उत्पादों के लिए उपलब्ध प्रचुर कच्चामाल पर आधारित अधिक से अधिक सिरेमिक इकाइयो की स्थापना।
2. सिरेमिक इलेक्ट्रिकल एवं अन्य उत्पादों के लिए प्रयोग में लिये जाने वाले कच्चामाल एवं फिनिश्ड गुड्‌स की गुणवत्ता की जॉच करना।
3. प्रयोगशाला में छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उत्पादक इकाइयों को प्रयोगशाला की सेवायें उपलब्ध कराना।
4. रिसर्च एवं अनुसंधान कार्य।
5. तकनीक का विकास, उन्नयन एवं हस्तान्तरण कार्य।

**कियान्वयन एजेन्सी** – महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र एवं सचिव, सिरेमिक एवं इलैक्ट्रिकल विकास समिति, बीकानेर